# छात्र शिकायत निवारण समिति

# सत्र 2025-26

छात्रा शिकायत निवारण समिति UGC के दिशा निर्देशों के तहत उच्च शिक्षा संस्थानों में स्थापित वैधानिक निकाय है इसका उद्देश्य छात्राओं के अकादमिक ,प्रशासनिक एवं व्यक्तिगत शिकायतों का निष्पक्ष और समयबद्ध समाधान करना है महाविद्यालय में सत्र 2025-26 में छात्रा शिकायत निवारण समिति का गठन प्राचार्या प्रो डिंपल विज के निर्देशन में किया गया

**समिति का गठन निम्न प्रकार है-**

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती एकता चौहान | प्रभारी | ERig |
| प्रोफ़ेसर रेखा चौधरी | सदस्य | |
| प्रोफ़ेसर साहिल | सदस्य | Sahil |
| डॉ अनामिका द्विवेदी | सदस्य | Anamika |

सत्र 2025-26 में छात्रा शिकायत निवारण समिति के अंतर्गत विविध गतिविधियों का संचालन किया गया

दिनांक 28 जुलाई 2025 को महिला कल्याण विभाग बुलंदशहर के संयुक्त तत्वाधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर1090 वुमन पावर लाइन ,112 ,1098 जैसे नंबरों की जानकारी दी गई

दिनांक 19 फ़रवरी 2026 को अमर उजाला द्वारा आयोजित दोस्त पुलिस कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय की छात्राओं को कोतवाली खुर्जा का भ्रमण कराया गया प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने ऑनलाइन स्टॉकिंग से बचने के तरीक़े छात्राओं को बताये कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस विभाग में शिकायत नेटवर्कसे छात्राओं को परिचित कराना था 52 छात्राओं ने कोतवाली का भ्रमण किया




महिला कल्याण वि..
बु.शहर द्वारा आयोजि..
जागरूकता कार्यक्रम
दिनांक - 28.7.25

छात्रा शिकायत निवारण समिति
जागरूकता कार्यक्रम
दिनांक 28.7.2025

आज दिनांक 28.7.2025 को महिला कल्याण विभाग बुलंदशहर तथा एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की छात्रा शिकायत निवारण समिति के संयुक्त तत्वावधान में महिला सुरक्षा के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ एस एच ओ खुर्जा श्री राजपाल सिंह, महिला कल्याण विभाग से रूबी सिरोही, चाइल्ड हेल्पलाइन से श्री अभिषेक यादव, एस आई खुर्जा प्रीति कुमारी, काउंसलर श्रीमती पूनम , काउंसलर नेहा व महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डिंपल विज ने वेद मंत्रों की ध्वनि के साथ में

संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती एकता चौहान ने बताया कि आज के कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार द्वारा बालिकाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं व हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी उपलब्ध कराना है। एस एच ओ श्री राजपाल सिंह ने पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 के बारे में विस्तार से बताया। यह नंबर भारत का आपातकालीन नंबर है पुलिस, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी विभिन्न आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध कराता है। श्रीमती रूबी रानी ने वन स्टॉप सेंटर की गतिविधियों से परिचित कराते हुए बताया कि यह महिलाओं को एक छत के नीचे सभी सुविधाएं उपलब्ध कराता है जैसे काउंसलिंग, पुलिस सहायता, चिकित्सा सहायता, विधिक सहायता, आवास व्यवस्था आदि। अभिषेक यादव चाइल्डलाइन प्रभारी ने 1098 नंबर के बारे में बताया जो कि बालश्रम, बाल विवाह व घरेलू हिंसा के प्रति कार्य करता है। श्रीमती प्रीति कुमारी ने साइबर अपराध के प्रति जागरूक करते हुए 1930 नंबर के बारे में विस्तार से बताया। श्रीमती पूनम ने महिला कल्याण के द्वारा चलाई जा रही निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, 181 घरेलू हिंसा, रानी लक्ष्मी बाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के बारे में बताया।

वन स्टॉप काउंसलर नेहा ने बताया कि घरेलू हिंसा का तात्पर्य केवल शारीरिक हिंसा नहीं है अपितु मानसिक हिंसा भी है जिसके लिए हमें जागरूक होना है और अपनी सुरक्षा के लिए हमें सरकार की हर संभव सहायता लेनी है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डिंपल विज ने सभी सम्मानित आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे महिला सुरक्षा हेतु कानून व हेल्पलाइन नंबर्स का प्रयोग सही ढंग से करें ताकि उनका सदुपयोग हो ना कि दुरुपयोग। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा

## एकेपी डिग्री कॉलेज में महिला सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



खुर्जा रोटरी क्लब सिटी द्वारा तीज मिलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन

CC
कैमरे

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत ए.के.पी. डिग्री कॉलेज, खुर्जा में महिला सुरक्षा विषयक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।



## महिलाओं, बालिकाओं के लिए चल रही योजनाओं की दी जानकारी




## छात्राओं को दी हेल्पलाइन नंबर 112 की जानकारी

कार्यक्रम संयोजिका एकता चौहान ने बताया कि 112 एक ऐसा आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर है जिससे पुलिस, एंबुलेंस और अग्निशमन सेवा एक साथ उपलब्ध होती है।

MODERN INTERNATIONAL COLLEGE, SIKANDRABAD
B.A
B.C.
M.Co
B.S

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत छात्राओं को दी जानकारी



अमर उजाला द्वारा आयोजित 'दोस्त पुलिस' कार्यक्रम

19 Feb. 2026



19 फरवरी 2026



# ऑनलाइन स्टॉकिंग से बचने के लिए पहचान को रखें सुरक्षित : धर्मेंद्र

## खुर्जा कोतवाली में एकेपी डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने किया भ्रमण, प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस अधिकारियों की कार्यशैली के बारे में बताया

संवाद न्यूज एजेंसी

खुर्जा। ऑनलाइन स्टॉकिंग से बचने के लिए अपनी पहचान को सुरक्षित रखना जरूरी है। जरूरी नहीं ऑनलाइन बात करने वाला या चैटिंग करने वाला आपका दोस्त हो और परिचित हो।

अमर उजाला दोस्त पुलिस

यह बातें बृहस्पतिवार को खुर्जा नगर कोतवाली में आयोजित अमर उजाला के दोस्त पुलिस कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहीं। इसमें एकेपी डिग्री कॉलेज की एमए और बीए की छात्राएं मौजूद रहीं।




दोस्त पुलिस कार्यक्रम में छात्राओं को जानकारी देते प्रभारी निरीक्षक। संवाद

इसमें कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने छात्राओं को पुलिस अधिकारियों की कार्यशैली के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मोबाइल और इंटरनेट का इस्तेमाल छात्राओं को काफी सावधानी से करना चाहिए।

वर्तमान में ऑनलाइन अपराध काफी बढ़ रहा है। इसके लिए लोगों को खुद जागरूक होना पड़ेगा। इसलिए सोशल मीडिया एप पर लोगों से दोस्ती करते समय जरूर सतर्क रहें।

ऑनलाइन चैटिंग करने वाला व्यक्ति अपनी पहचान छिपा सकता है। आपका दोस्त, रिश्तेदार और परिचित बनकर कोई भी अपराधी आपकी फोटो या वीडियो को गलत तरीके से इस्तेमाल कर सकता है। बाद में ब्लैकमेल करता है। किसी के कहने पर ऑनलाइन रुपये नहीं भेजें और न मोबाइल पर आए ओटीपी की जानकारी साझा करें।

इसके बाद मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने छात्राओं को पुलिस को शिकायत करने के बारे में समझाया। यदि कोई युवक या अनजान व्यक्ति परेशान करता है तो तुरंत परिजन या शिक्षक को बताएं। हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 1076, 112 पर शिकायत कर सकते हैं। इसमें छात्राओं की पहचान भी उजागर नहीं की जाएगी। छात्राएं घर या कॉलेज में रहते हुए शिकायत कर सकती हैं और उनको कहीं जाना भी नहीं पड़ेगा।

मिशन शक्ति केंद्र पर कार्यरत महिला उपनिरीक्षक अंजू बघेल ने छात्राओं को साइबर सेल, मिशन शक्ति केंद्र, शिशु गृह, सीसीटीएनएस कक्ष, मुंशी कक्ष, हवालात, शास्त्र गृह, अपराध निरीक्षक कक्ष, भोजनालय, पुलिसकर्मी आवास का भ्रमण कराया। साथ ही पुलिस की कार्य प्रणाली बताई, किस प्रकार से शिकायत आती है, उनको रजिस्टर व कंप्यूटर में सुरक्षित किया जाता है। इस दौरान कॉलेज से प्राध्यापिका एकता चौहान साथ रहीं।

19/02/2026

दोस्त पुलिस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली छात्राएं

19.02.2026

1. Ashi Sharma
2. Aeshwarya verma
3. Nandani
4. Krishna.
5. Priyanka
6. Sarita
7. Priya
8. Gayatri
9. Mahak
10. Priti
11. Jyoti
12. Khushi
13. Sheetal
14. Varsha
15. Suman
16. Mohini
17. Vandana
18. Anita
19. Kumkum Gautam
20. Poonam Singh
21. Aarjoo
22. Riya Bhadana.
23. Geeta
24. Himanshi
25. Madhu
26. Dally
27. Gunjan
28. Kumkum
29. Vanshika Rajput
30. Shaloni
31. Shweta Rani
32. Khushi
33. Ilma
34. Urbshi
35. Palak
36. Farheen
37. Fareen Khan
38. Deepika
39. Khushboo
40. Priti Solanki
41. Divya
42. Shivani
43. Sumaiya
44. Gunjan
45. Rakhi
46. Mantasha.
47. Ritika
48. Khushi Goswami
49. Lata Bhaskar
50. Chama.
51. Tannu Gautam
52. Gayatri
53. Kotia
54. Geeta
55. Ilma
51. Iram